हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 22 नवंबर 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 पीएम आवास पहले फेज में शहरी सीमा के लिए...



07 मुख्य बाजार में सड़क की दुकानों पर सामग्री...



## खबर संक्षेप

### शीत लहर से बचने जारी की एडवायजरी

**नर्मदापुरम।** शीत लहर का प्रभाव प्रत्येक वर्ष दिसंबर-जनवरी के महीनों में होता है और कभी-कभी विस्तारित शीतलहर की घटनाएं नवंबर से फरवरी तक होती है। मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक तापमान में विभिन्न मौसमों के दौरान काफी भिन्नताएं सामने आ रही है ओर उसका भी पर्यावरण, स्वास्थ्य, कृषि, पशुधन, आजीविका, सामाजिक अर्थव्यवस्था और अन्य संबद्ध क्षेत्रों पर विपरित प्रभाव होता है। वर्तमान में शीत ऋतु में शीत-घात (शीत लहर) की वजह से अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें उत्पन्न हो सकती है।

### कॉलेज में आयोजित की गई प्रतियोगताएं

**माखन नगर।** प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय कालेज माखननगर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी यादव, द्वितीय संजना और तृतीय सौरव यादव रहे, मेहंदी प्रतियोगिता में दीक्षा प्रथम रही अर्चना द्वितीय स्थान पर रहीं।

## सोहागपुर में 58% मतदाताओं का डेटा डिजिटलाइज़, नर्मदापुरम 36.42 % काम

# एसआईआर में विधानसभा सोहागपुर रही टॉप पर, नर्मदापुरम विधानसभा फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार देश में एसआईआर अर्थात मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। जिसमें मतदाताओं का वर्ष 2003 के डाटा से मिलान किया जा रहा है।

इस प्रक्रिया में 21 नवंबर 3025 तक की स्थिति में नर्मदापुरम जिले में सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन कार्य सर्वाधिक हुआ है। सोहागपुर उक्त काम में जिले में अव्वल स्थिति में है, जबकि नर्मदापुरम सबसे निचले पायदान पर है। सिवनीमालवा व पिपरिया का डाटा भी सोहागपुर से कम है। जिला प्रशासन ने गति में तीव्रता के निर्देश दिये हैं।

एसआईआर प्रक्रिया में सोहागपुर विधानसभा टॉप पर है तथा नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र में अब तक जिले में सबसे का काम हुआ है।



### सोहागपुर टॉप पर

शुक्रवार 21 नवंबर सुबह 10 बजे तक के आंकड़े अनुसार सोहागपुर विधानसभा टॉप पर है, जहां अब तक 58.43% मतदाताओं का डाटा डिजिटलाइज़ किया जा चुका है। दूसरे क्रम पर सिवनी मालवा विधानसभा में 51.84 % डाटा डिजिटलाइज़ किया गया है। पिपरिया विधानसभा में 47.68 % डिजिटलाईइजेशन हुआ है। सबसे नीचे नर्मदापुरम विधानसभा है, जहां 36.42 % मतदाताओं का डाटा डिजिटलाइज़ किया गया है। खास बात यह है कि टॉप टू की विधानसभाओं अर्थात सोहागपुर एवं सिवनी मालवा में मतदाताओं की संख्या 2,40,000 से ज्यादा है, जिनमें डिजिटलाइजेशन प्रतिशत बेहतर है। सोहागपुर में 2,47,213 मतदाता हैं तथा सिवनी मालवा में 2,48,509 मतदाता हैं। बीएलओ संख्या सोहागपुर में 314, सिवनी मालवा में 318, पिपरिया में 317 तथा नर्मदापुरम में 238 है। जिले में 1187 बीएलओ कार्यरत हैं।

### यह है आंकड़ा

नर्मदापुरम जिले में शुक्रवार सुबह 10 बजे तक की स्थिति में 48.87 प्रतिशत मतदाता एसआईआर में डिजिटलाइज़ किये जा चुके हैं। डाटा के अनुसार जिले में सिवनी मालवा, नर्मदापुरम, सोहागपुर व पिपरिया विधानसभाओं में 9,61,165 मतदाता हैं। जिनमें से 9,60,471 को एसआईआर में फॉर्म डिस्ट्रीब्यूट किए गए थे। एवं 4,69,720 मतदाताओं का डाटा डिजिटलाइज़ किया जा चुका है।

### एसडीएम ने किया निरीक्षण

शुक्रवार सुबह तक का डाटा सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बीएलओ के लिए उत्साह बढ़ाने वाला है। जिसके बाद सोहागपुर विस रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार आरके झरबड़े तथा नायब तहसीलदार नीरू जैन ने निर्वाचन शाखा का भ्रमण किया। सभी ने सोहागपुर की प्रगति पर संतुष्टि जताई व निर्वाचन शाखा कर्मचारी एवं बीएलओ को बधाई दी।

# अवैध कॉलोनी निर्माण के दो मामलों में एफआईआर दर्ज

## सिवनी मालवा प्रशासन की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

अनुभिभागीय अधिकारी सिवनी मालवा द्वारा क्षेत्र में अवैध कॉलोनाइज़ेशन एवं अनधिकृत भू-विकास गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम एवं नगर क्षेत्र में बिना अनुमति पत्र तथा वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने के दो गंभीर मामलों में प्रशासन ने कठोर कदम उठाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहबाज़ आलम पिता फ़ख़रे आलम, निवासी हाल मुकाम इंदौर, तथा सुभाष भाटी पिता मोती सिंह भाटी, निवासी ग्राम दमाडिया, द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध कॉलोनी निर्माण किए जाने पर मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं स्वराज अधिनियम की धारा 61(क) एवं 61(छ) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर एफआईआर की गई है। प्रशासन ने यह कार्रवाई विधमान प्रावधानों के तहत की है।

उप-खंड अधिकारी सिवनी मालवा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध कॉलोनाइज़ेशन, अनधिकृत भू-विकास अथवा बिना अनुमति प्लॉट विक्रय जैसी गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों पर भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे केवल विधिसम्मत, अनुमोदित एवं व्यवस्थित लेआउट में ही भू-क्रय विक्रय करें, जिससे आने वाले समय में किसी भी प्रकार की असुविधा या कानूनी जटिलता का सामना न करना पड़े।

### प्रभारी मंत्री राकेश सिंह कल आएंगे

**नर्मदापुरम।** लोक निर्माण विभाग एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह 23 नवम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे तथा पचमढी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सायं 6 बजे होटल गोल्फ व्यू पचमढी नर्मदापुरम में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### न्यायाधीशों की उपस्थिति में किया मीडिएशन जागरूकता शिविर



**सोहागपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश अनुसार मेडिएशन जागरूकता आयोजन शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। सोहागपुर में प्रभारी अधिकारी संगीता डाबर मौर्य जेएमएफसी सोहागपुर के मार्गदर्शन में तथा तेजदीप सिंह सासन जेएमएफसी की उपस्थिति में गुरुवार दोपहर अधिवक्ता सभागार में भी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी एवं पक्षकार उपस्थिति रहे।

### बगैर साफ सफाई के माइनर नहर चालू एसडीओ बोले हमने साफ सफाई करवा दी



**सेमरी हरचंद।** किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने वाली सेमरी हरचंद कि माइनर नहर मैं बिना साफ सफाई की पानी छोड़ने से टेल क्षेत्र के किसानो के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है सेमरी हरचंद में मुख्य मार्ग की क्रॉसिंग के पास ही नहर का पानी ओवर होकर बहने लगा है। जिससे पास के किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा और पानी की बर्बादी हो रही है। वहीं अधिकारियों का कहना था कि नहरों की सफाई करवा दी गई है।

# पोर्टल पर गलत हाजिरी लगाने वाले 2 चिकित्सकों का वेतन रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओ में कार्यरत नियमित एवं संविदा अधिकारी एवं कर्मचारियों को विभागीय निर्देशानुसार अपने अपने कर्तव्यस्थल पर सार्थक पोर्टल में हाजिरी लगाना सुनिश्चित करना है। शासकीय अस्पतालों में बंध पत्र के तहत एक निश्चित समय के लिए चिकित्सकों की पदस्थापना की गई जिन्हें अपनी उपस्थिति सार्थक अप के माध्यम से नियमानुसार किया जाना है। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत ने बताया कि तत्संबंध में पूर्व में ही समस्त संस्था प्रभारियों को आदेशित किया जा चुका है, किंतु मेरे द्वारा सार्थक पोर्टल ऐप की उपस्थिति की रिपोर्ट देखने पर पाया गया कि जिले के दो बंध पत्र चिकित्सक डॉ शिवानी सोनी माखननगर और डॉ सानिध्य अहेर जमानी ने सार्थक ऐप पर अनैतिक रूप से फोटो द्वारा उपस्थिति दर्ज कराई गई है जो की विभागीय कदाचार की श्रेणी में आता है। इसलिए इनका नवंबर माह का वेतन रोका रोका गया है। तथा सभी नियमित अथवा संविदा अधिकारी कर्मचारियों को पुनः निर्देश दिए गए हैं कि वह समय पर अपने कर्तव्य स्थल से सार्थक पोर्टल पर हाजिरी लगाकर कार्य प्रारंभ करें।

### श्रीमद् नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजन 28 नवंबर से होगा प्रारंभ

**सोहागपुर।** सोहागपुर के रघुवंशीपुरा में 28 नवंबर 2025 शुक्रवार से श्रीमद् नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजित किया जाएगा। आयोजक बटोबाई रघुवंशी व उनके परिजनों से प्राप्त जानकारी अनुसार नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा 28 नवंबर की सुबह निकाली जाएगी। इसके बाद दोपहर एक बजे से कथा शुरू होगी।

तथा नियमित ही दोपहर एक से शाम पांच बजे तक कथा आयोजन होगा। जिसमें पं. श्रीराम श्रोति कथा नियमित सुनाएंगे। आयोजन से जुड़े सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि चार दिसंबर 2025 गुरुवार को पुराण पूजन, हवन, कथा विराम का आयोजन पूर्णाहुति के साथ होगा। इस अवसर पर भंडारा आयोजन भी किया जाएगा। आयोजक परिवार ने धर्म प्रेमी जनता से कथा सुनने के लिये उपस्थिति की अपील की है।

# कोर्ट परिसर में 'साइबर अपराध व सुरक्षा' पर उपयोगी जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



तहसील विधिक सेवा समिति, इटारसी के तत्वावधान में एवं अध्यक्ष, आदित्य रावत के निर्देशानुसार, शुक्रवार को सिविल न्यायालय परिसर इटारसी में 'साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा' विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन अपराधों के प्रति आमजन, पक्षकारों और अधिवक्ताओं को जागरूक करना तथा उन्हें डिजिटल माध्यमों पर स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। मुख्य वक्ताओं ने दी अहम जानकारी कार्यक्रम में अधिवक्ता सम्यंत जैन एवं एसआई राहुल पटेल ने उपस्थित जनसमूह को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों ऑनलाइन ठगी और बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से धन की ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग और फर्जी लिंक फ्रॉड, ओटीपी फ्रॉड और साइबर ब्लैकमेलिंग आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक और अति उपयोगी जानकारी साझा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि साइबर अपराध अब केवल एक तकनीकी अपराध नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक अपराध भी बन चुका है। इससे बचाव के लिए व्यक्तिगत सतर्कता, मजबूत पासवर्ड सुरक्षा, बैंक विवरण को गोपनीय रखना, संदिग्ध लिंक एवं कॉल से बचना तथा दो-स्तरीय सत्यापन जैसे उपाय अनिवार्य हैं। शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया वक्ताओं ने साइबर शिकायत केंद्र 1930, साइबर हेल्पलाइन और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी भी प्रदान की।

## जिले में जारी है जल संचय अभियान

# नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने बनाया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम कोटगाँव और माना गांव के बीच स्थित बेलिया नाला पर बोरी बंधान किया। बोरी बंधान के दौरान संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहां कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पूरे मध्यप्रदेश में जल संचय के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में आज हम हमारे इस बेलिया नाले पर बोरी बंधान कर रहे हैं। जिससे आसपास के क्षेत्र में जल का संचय कर भूमिगत जल को बढ़ाना। आगामी समय में इस नाले में पानी सूख जाता था लेकिन इस बार आप सभी के सहयोग से इस नाले जल का भराव रहेगा। सेक्टर प्रभारी सुरेश यादव ने भी जल संचय विषय पर अपनी बात रखी। एम.एस.डब्ल्यू. के छात्र हरिनारायण यादव ने सभी को जल संचय की शपथ दिलाई गई। इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव एवं कोटगांव के सदस्य वीरेंद्र यादव, सूरज यादव, संदीप यादव, संजय यादव, सतीश यादव, करतार सिंह, मल्लू साहू , प्रदीप यादव , सतीश यादव, रुपेश यादव, नैतिक यादव रामभरोस यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। जल संचय कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहयोगियों का आभार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोटगांव के अध्यक्ष सतीश यादव ने व्यक्त किया।

### जिला स्तरीय मप्र राज्य जैवविविधता क्विज 2025 का आयोजन 25 को

**नर्मदापुरम।** जिला स्तरीय म.प्र.राज्य जैवविविधता क्विज 2025 का आयोजन म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 25 नवम्बर 2025 को किया जा रहा है, जिसमें समस्त जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं में अध्ययनरत छात्र/छात्राऐं भाग ले सकते हैं। तत्संबंध में वन मंडलाधिकारी नर्मदापुरम (सामान्य) वन मंडल ने बताया कि जिला स्तर पर कुल 100 टीमों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों की टीम का पंजीयन 24 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के संबंध में समस्त जानकारी वन मंडल कार्यालय नर्मदापुरम सामान्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की चपेट में आया 7 वर्षीय बालक, मौत

**बैतूल।** बैतूल गंज थाना क्षेत्र के खेड़ला किला गांव में बुधवार को खेत में खेल रहे 7 साल के बच्चे की मौत हो गई। वह खेत में चल रहे ट्रैक्टर के पास खेल रहा था। इसी दौरान दौड़ते हुए ट्रैक्टर के बड़े टायर की चपेट में आ गया। बच्चे को नाना तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई है। डॉक्टरों के अनुसार मोहित के कान और नाक से खून निकल रहा था। उसकी गर्दन की हड्डी भी टूट गई थी। अस्पताल पुलिस चौकी ने मोहित का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टिकारी-गाड़ाघाट रोड निर्माण का भूमिपूजन 22 को होगा

**बैतूल।** 2.70 किलोमीटर लंबे टिकारी-गाड़ाघाट सडक़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को अखाड़ा चौक टिकारी में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस सडक़ के निर्माण पर लगभग 789.35 लाख रुपए की लागत आएगी। बैतूल स्टेशन मार्ग के नाम से बनने वाली यह रोड यातायात को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, सुधाकर पवार, आदित्य बबला शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर तथा पार्षद श्रीमती वर्षा बारस्कर, रजनी वर्मा और सुभाष लोखंडे की उपस्थिति रहेगी।

### शासकीय आईटीआई सदर में कैंपस ड्राइव का 25 को आयोजन

**बैतूल।** शासकीय आईटीआई सदर बैतूल में 25 नवम्बर को होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कर्नाटक द्वारा केंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि इस अवसर पर कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा कंपनी ऑपरेटर पद के लिए पुरुष एवं महिला अभ्यार्थियों को चयनित किया जाएगा। कैंपस ड्राइव में भाग लेने वाले अभ्यार्थी की आयु सीमा 18 से 27 वर्ष तक निर्धारित की गई है एवं आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपने सभी दस्तावेजों के साथ संस्था में सुबह 10 बजे उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 24 से होगी

**बैतूल।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले की समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कक्षा 3 से 8वीं तक के विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षा 24 नवंबर से प्रारंभ होगी, जो आगामी 29 नवम्बर 2025 तक आयोजित होगी। जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल के जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि अर्धवार्षिक परीक्षा में कक्षा तीसरी के 14 हजार 788, कक्षा चौथी के 15 हजार 863, कक्षा 5वीं के 17 हजार 367, कक्षा 6वीं के 16 हजार 662, कक्षा 7वीं के 17 हजार 787 एवं कक्षा 8वीं के 17 हजार 816 कक्षा 3 से 8वीं तक के कुल 100283 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### 7 हितग्राहियों ने सरेंडर की राशि, 17 को वसूली के लिए नोटिस जारी

# पीएम आवास पहले फेज में शहरी सीमा के लिए स्वीकृत 2745, पूर्ण हुए 2696



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना का लाभ लेने वाले 2745 हितग्राहियों में से करीब 24 हितग्राहियों ने आवास नहीं बनाये। इन हितग्राहियों ने आवास बनाने की प्रक्रिया ही शुरू नहीं की, जबकि आगामी दिसंबर के बाद पीएम आवास निर्माण की समय सीमा खत्म हो जाएगी। ऐसे में नगरपालिका बैतूल द्वारा इन हितग्राहियों को नोटिस भेजकर राशि रिकवरी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दरअसल पीएम आवास योजना के तहत बैतूल नपा द्वारा 2016 से लेकर 2022 तक कुल 2745 गरीबों का हितग्राही के रूप में चयन कर निर्माण के लिए पहली, दूसरी और तीसरी किस्त खातों में भेजी गई थी। भेजी गई राशि से हितग्राहियों को पीएम आवास का निर्माण करना था, जिसके बाद उन्हें अगली किस्त जारी होनी थी। लेकिन 24 हितग्राहियों द्वारा पीएम आवास की राशि लेने के बाद अभी तक आवास निर्माण शुरू नहीं किया गया। बता दे कि नगरपालिका बैतूल अंतर्गत स्वीकृत 2745 आवासों में से 2696 आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि 49 आवास अधूरे है। वहीं 10 से 12 लोग को अभी तीसरी राशि का इंतजार है।

#### नपा ने राशि वसूली के लिए प्रकरण बनाकर भेजे

जिन हितग्राहियों ने राशि लेने के बाद भी मकान का काम शुरू नहीं किया, ऐसे 24 लोगों से राशि वसूली के लिए नगरपालिका ने प्रकरण बनाकर भेज दिये है। हालांकि इनमें से 7 लोगों ने करीब 7 लाख 10 हजार रूपये की राशि भी सरेंडर कर दी है, जबकि 17 लोगों से राशि वसूल की जानी है। वहीं एक हितग्राही ने खुद ही किन्हीं कारण से राशि सरेंडर कर दी। बताया गया कि आगामी दिसंबर तक सभी स्वीकृत पीएम आवास का निर्माण पूर्ण किया जाना है। समय सीमा समाप्त होने के बाद नपा आवास नहीं बनाने वाले लाभार्थियों से शासन की राशि वसूली की कार्रवाई शुरू करेगी।

#### राशि सरेंडर नहीं करने पर हो सकती है सख्त कार्यवाही

पीएम आवास योजना के दूसरे चरण को शुरू करने से पहले नपा को स्वीकृत आवासों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करना है। बताया जा रहा है कि अपूर्ण निर्माण करने वालों या आवास नहीं बनाने वालों और राशि सरेंडर नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नोटिस जारी किये है। वहीं कुर्की की कार्रवाई भी कर सकती है। बताया गया कि पीएम आवास के पहले फेज में स्वीकृत आवास अधूरे हैं। ऐसे हितग्राहियों को अंतिम चेतावनी दी जा चुकी है और इस राशि की वसूली की जाएगी। पहले चरण में चयनित किए गए हितग्राहियों के बैंक खातों में पहली और दूसरी किस्त भेजी गई थी। लेकिन उनके द्वारा राशि आहरण करने के बाद भी आवास निर्माण नहीं किया।

#### प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 231 आवास स्वीकृत

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में नगरपालिका द्वारा पांच बार आवासों की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी, जिसके बाद नगरपालिका बैतूल क्षेत्र अंतर्गत 231 मकान स्वीकृत हुए है। वहीं 6वीं डीपीआर में 31 मकानों के स्वीकृत होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में कुल 551 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 92 आवेदन दस्तावेजों की कमी सहित अन्य कारणों से रिजेक्ट हो गये है, वहीं 93 लोगों ने आवेदन वापस ले लिये है। इसके अलावा 99 आवेदन पेंडिंग है।

#### इनका कहना है

*प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 7 लोगों ने राशि सरेंडर कर दी है, वहीं जिन हितग्राहियों ने आवास नहीं बनाये है या काम ही शुरू नहीं किया है, ऐसे हितग्राहियों से राशि वसूली के लिए नोटिस जारी किये है और उनके प्रकरण बनाकर भेजे गये है।*

*- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नपा बैतूल*

### बैतूलवासियों को बताए कई उपाय

## एग्रोविजन कृषि मेले में कृषि विभाग ने की सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

एग्रोविजन का 16वां संस्करण 21 से 24 नवंबर तक में नागपुर में आयोजित किया जा रहा है। उक्त मेले में मध्यप्रदेश की ओर से बैतूल, छिन्दवाडा तथा सिवनी जिले के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।

मेले में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के कृषकों के जैविक, मिलेट उत्पाद हेतु प्रमुख मंच के रूप में, एग्रोविजन 2025 किसानों को प्रोत्साहित कर रहा है। एग्रोविजन मेले में कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीक, उन्नत कृषि मशीनरी, मत्स्य, रेशम, पशुपालन की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो रही है। मेले में कृषकों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी, मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। डॉ. आनंद कुमार बडोनिया उप संचालक कृषि ने बताया कि एग्रोविजन मेला में देश-विदेश के कृषि तथा कृषि से संबंधित कृषक एवं उद्ययोग पति उपस्थित होने से जिले के कृषकों के उत्पाद को मंच प्राप्त हो रहा है। मेले के शुभारंभ दिवस पर स्टाल प्रदर्शनी में बैतूल जिले विकासखंड आमला के कृषक लोकेश गावंडे के केंचुआ खाद, कोसमी बैतूल के कच्ची घानी से शुद्ध तेल निर्माता महेन्द्र श्रीराम पिपंलकर के मूंगफली तेल, पाढर के कृषक सुरेन्द्र धुर्वे के उत्पाद काले चावल, सतपुडांचल फार्मर प्रोडयूसर कंपनी शाहपुर के मिलेट से बने उत्पाद जैसे ज्वार बिस्किट, रागी बिस्किट, तुरंत तैयार होने वाले डोसा, उपमा, पास्ता, सावा, रागी तथा बैतूल जिले की पहचान गड़मल एक स्थानीय और दुर्लभ दलहनी (पल्स) फसल (मुख्य रूप से भीमपुर विकासखंड के दमजीपुरा गांव और आस-पास के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में उगाई जाती है) आदि को प्रदर्शनी स्टॉल में रखा गया है।

एग्रोविजन मेले में बैतूल के कृषकों के उत्पाद को सराहना मिल रही है तथा उत्पादक कृषकों को मांग एवं ब्रांड हेतु एक उपयोगी आधार प्राप्त हो रहा है। मेले के नोडल अधिकारी सुरेन्द्र परहाते, कमलेश मस्की, मनीश सोडगे आदी मेले में उपस्थित रहे।



### विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न

**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सरनी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं, मूल्यबोध, इतिहास तथा सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। विद्यालय स्तर पर परीक्षा के प्रभारी इंद्रपाल सिंह चौहान रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन का सफल संचालन सुनिश्चित किया। वहीं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विभाग से आए संयोजक योगेश साहू ने परीक्षा की प्रक्रिया, दिशा-निर्देश तथा प्रश्नपत्र व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस परीक्षा में कुल 33 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में अनुशासित एवं अध्ययनशील वातावरण देखने को मिला।

## डिजिटलाईजेशन 100% करने वाले बीएलओ किए सम्मानित



**सारनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में प्रदेश में एसआईआर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। उक्त कार्य में मतदाताओं से घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित कर गणना पत्रक भरवाए जा रहे हैं। उक्त कार्य में सारनी नगरीय क्षेत्र के एक बीएलओ ने स्वयं समय से पूर्व ही 100 प्रतिशत कार्य किया। नगर पालिका क्षेत्र में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सूर्यवंशी, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वि.स. क्षेत्र 130 (आमला) शैलेंद्र बड़ोनिया के निर्देशन में किया जा रहा है। एसआईआर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 130 आमला अंतर्गत मतदान केंद्र क्र. 58 के बीएलओ हिम्मत सिंह वर्मा द्वारा गणना पत्रक जमा एवं डिजीटलाईजेशन का 100 प्रतिशत कार्य स्वयं के द्वारा समय पूर्व ही पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस हेतु सारनी नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया एवं नगरपालिका के प्रभारी सीएमओ केके भावसार द्वारा नगरपालिक सभाकक्ष में पुष्पाहार पहनाकर एवं शाल श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया ने कहा कि बीएलओ हिम्मतसिंह वर्मा से प्रेरणा लेकर अन्य बीएलओ को तेजी लाने से कार्य समयसीमा में होगा। बीएलओ वर्मा के साथ नगर पालिका सारनी के कर्मचारी गुरुदेव हाथिया, आरपी जौंजारे, नरेंद्र सूर्यवंशी आदि कर्मचारी सहयोग में रहे।

### *डिजिटलाइजेशन कार्य में प्रथम आने पर बरसाली के बीएलओ का किया सम्मान*



***बैतूल।*** *निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत बैतूल विधानसभा क्षेत्र 131 में बीएलओ सुपरवाइजर तुलसीराम उईके के निर्देशन में कार्यरत मतदान केंद्र क्रमांक 150 बरसाली के बीएलओ बारीकराव सरियाम शिक्षक ने गणना पत्रकों के डिजिटलीकरण कार्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रोत्साहन स्वरूप परिवार सहित फ्री मूवी टिकट एवं निःशुल्क रात्रि भोज का पुरस्कार भी प्रदान किया गया।*

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर सारणी में निकला भव्य यूनिटी मार्च

## यूनिटी मार्च में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे यूनिटी मार्च के अंतर्गत शुक्रवार को वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सरदार विष्णु सिंह उईके महाविद्यालय, सारणी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष सारणी किशोर बर्दे, जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली, प्राचार्य प्रदीप पेंद्राम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश सिंह ने किया। सुधाकर पवार ने सभी को एक भारत, श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उईके की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से हुई। इसके उपरांत वंदेमातरम् के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उईके ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद जिन कठिन परिस्थितियों में सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधा, वह इतिहास का अद्भुत अध्याय है। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं का आव्हान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में युवा अग्रदूत बनें। विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि भारत अनेक धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों का संगम है। इतनी विविधताओं के बावजूद सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व क्षमता से भारत को एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने सभी नागरिकों से सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने और एकता-अखंडता को मजबूत करने का आग्रह किया। जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अनेक महान व्यक्तियों ने बलिदान दिया है। सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के साथ-साथ आज़ाद भारत को एकजुट करने का कार्य दृढ़ इच्छाशक्ति से किया। अंग्रेजों की विभाजन नीति का विरोध कर उन्होंने राष्ट्र की एकता को अक्षुण्ण रखा।



#### स्कूली बच्चों व सामाजिक संगठनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

यूनिटी मार्च में स्कूली बच्चों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सरदार विष्णु सिंह उईके महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध किया, जबकि डीपीएस स्कूल सारणी के विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर आधारित नृत्य से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसके बाद अतिथियों, नागरिकों और सभी प्रतिभागियों ने तिरंगा थामे जोश और उमंग के साथ यूनिटी मार्च निकाला। यह यूनिटी मार्च का आयोजन बागडोना से पाथाखेड़ा तक किया गया। भारत माता की जय, सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें, वंदे मातरम के नारों से नगर गूंज उठा।

## शाहपुर में कांग्रेस बीएलए को मिला एसआईआर प्रशिक्षण

### प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता



**बैतूल।** शाहपुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित एसआईआर जानकारी संबंधित प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के बीएलए को एसआईआर से संबंधित सभी आवश्यक जानकारिया प्रशिक्षण प्रभारी स्पेंसर लाल और मोनू वाघ द्वारा विस्तार से प्रदान की गईं। शिविर में पार्टी नेतृत्व की मजबूत उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से 2023 विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उइके, पूर्व विधायक ब्रम्हा भलावी, भौंरा उपखंड अध्यक्ष शिवकुमार मालवीय, पहलवान सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र शुक्ला, ओम कवडक़र, रिंकू वर्मा, विवेक ठाकुर, आयुष शुक्ला, युवक कांग्रेस शाहपुर के अध्यक्ष पिंटू वरकड़े, नवनियुक्त जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष कमलेश यादव, अमित तिवारी, सिद्दीक कुरैशी, दिनेश यादव, धीरज यादव, परसराम आहाके, रेखा टेकाम, सरोज परते सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इसमें एसआईआर प्रक्रिया, जिम्मेदारिया और बूथ स्तर पर कांग्रेस की मजबूती से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा व प्रशिक्षण दिया।

## रोजगार मेले में कंपनियों ने 96 आवेदकों को किया चयनित

### शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई रोजगार मेला आयोजित



**बैतूल/ मुलताई।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैतूल, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 21 नवंबर को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में मुलताई विधायक श्री चंद्रशेखर देशमुख ने शिरकत की। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में 214 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीयन किया था। इस दौरान 17 निजी कंपनियों के द्वारा 96 आवेदकों का प्राथमिक रूप से चयन कर लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किए गए। जिला रोजगार कार्यालय के द्वारा 214 विद्यार्थियों को कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदाय किया गया। इसके अलावा स्वरोजगार विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं 02 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिये ऋण प्रदान किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर 81 अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य, जिला रोजगार अधिकारी, प्राचार्य आईटीआई बैतूल, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरबीआई व एसएलबीसी भोपाल के निर्देश पर लीड बैंक में राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू

## वर्षों बाद अपनी जमा धनराशि प्राप्त कर ग्राहकों ने महसूस की राहत

**आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान के तहत दावा सुविधा शिविर आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय रिजर्व बैंक एवं एसएलबीसी भोपाल के निर्देशानुसार लीड बैंक कार्यालय बैतूल द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार के अंतर्गत जिला स्तरीय दावा सुविधा एवं आउटरीच शिविर का आयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कोठीबाजार शाखा परिसर में शुक्रवार 21 नवंबर को किया गया। यह अभियान अक्टूबर से दिसंबर 2025 तक तीन माह तक चलाया जा रहा है। शिविर के दौरान खाताधारकों के दावों का निपटारा किया गया तथा उपभोक्ता अधिकारों और बैंकिंग जागरूकता से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से उन ग्राहकों को आमंत्रित किया गया, जिनके बैंक खाते 10 वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय थे। दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत इन खातों को पुनः सक्रिय किया गया और ग्राहकों को उनकी निष्क्रिय पड़ी राशि उपलब्ध कराई गई। वर्षों बाद अपनी जमा धनराशि प्राप्त कर ग्राहकों ने राहत महसूस की। शिविर के दौरान अधिकारियों ने बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता व उपभोक्ता अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अभियान अक्टूबर से दिसंबर 2025 तक देश के सभी जिलों में चलाया जा रहा है। शिविर को सफल बनाने हेतु व्यापक प्रचार किया गया। इस शिविर की सफलता ने न केवल नागरिकों का विश्वास बढ़ाया, बल्कि वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ सौम्य चटर्जी, एलडीएम आशुतोष कुमार सिंह, जिला सहकारी बैंक की जीएम श्रीमती नीता निगम, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कोठी बाजार के मुख्य प्रबंधक राजीव रंजन झा सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, शाखा प्रबंधक और बीमा कंपनियों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**//नाम परिवर्तन सूचना//**

मैं शपथकर्ता **वरूण भोयर** पिता मुकुन्दराव भोयर पता पटेल वार्ड, सदर बैतूल निवासी हूं। मैं यह घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा मेरी बेटी का पासपोर्ट के लिए आवेदन किया गया है, जिसमें पिता याने मेरा पासपोर्ट लगाया है। मेरे पासपोर्ट में नाम **वरूण भोयर** है तथा बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम **वरूण मुकुन्दराव भोयर** है, जो कि मध्य नाम मेरे स्वर्गीय पिताजी का है। यह दोनो ही नाम मेरे है। मैं यह शपथ लेता हूँ कि यह जानकारी मेरे द्वारा सत्य एवं पूर्ण रूप से सही है। मेरे द्वारा आज दिनांक 20.11.2025 को यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता-वरूण भोयर, ब्रम्हकुमारी आश्रम के पीछे, पटेल वार्ड सदर, बैतूल**

**CHANGE OF NAME**

I, **LEKHA UPRALE** Daughter of No. 15132112P Rank Ex HAV (DMT) Name **NARAYAN UPRALE** Resident at Vill-Ghatpipariya Post-Ghatpipariya Teh-Multai Distt-Betul State-MP Pin-460663, have change my Name from **LEKHA to LEKHA UPRALE** Vide Affidavit dated 20/11/2025 before Notary betul Distt- Betul (MP)

## नागरिकों की बाजार व्यवस्थित करने की मांग, जिम्मेदारों की अनदेखी से परेशानी

# मुख्य बाजार में सड़क की दुकानों पर सामग्री उतारने से जाम बन गया आम

शहर में यातायात की बाधा उत्पन्न होना तथा जाम लगना नियमित हो चुका है। जहां मुख्य बाजार की सड़क पर मनमाने ढंग से दोपहिया वाहन पार्क किए जाते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के मुख्य बाजार में यातायात की बाधा उत्पन्न होना तथा जाम लगना नियमित हो चुका है। जहां मुख्य बाजार की सड़क पर मनमाने ढंग से दोपहिया वाहन पार्क किए जाते हैं। इसके अलावा दुकानों की सामग्री उतारने के लिए लोडिंग वाहन बीच सड़क पर खड़े किये जाते हैं। काफी देर तक वाहन सड़क पर रोक सामग्री अनलोड की जाती है तथा वाहन खड़े रहने तक सड़क पर जाम लगता है। गुरुवार को हाट बाजार का दिन था। इस दिन भी लोडिंग वाहन मुख्य बाजार की सड़क पर सामग्री अनलोड करते रहे व देर तक यातायात बाधित होता रहा। नागरिकों की मांग है कि है बाजार के दिन अनलोडिंग का कार्य बंद रखा जाना चाहिए। वहीं पुराने थाने के पीछे स्थित रानी लक्ष्मीबाई मंच के सामने का मैदान अनलोडिंग वाहनों के लिए चिन्हित किया जाना चाहिए। इससे अनलोडिंग में सुविधा होगी तथा बार-बार जाम नहीं लगेगा। लेकिन समय बचाने के चक्कर में व्यापारी लोडिंग वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करवाते हैं। परिणाम स्वरूप बार-बार जाम लगता है। मामले में स्थानीय प्रशासन तथा बाजार बीट के पुलिसकर्मियों की लापरवाही पर भी नागरिकों में नाराजगी है।

### शहर के बाहर बायपास बनाए जाने की मांग

शहर के बीच से गुजरते स्टेट हाईवे पर जाम रोज की समस्या है। कारण है शादियों के सीजन में शोभायात्राएं, बारात, अवैध वाहन पार्किंग व अस्थाई दुकानों का स्टेट हाईवे की सीमा में होना। जिससे जाम होता है व नागरिक परेशान होते हैं।

शहरवासियों के अनुसार शनिवार देर शाम लंबा जाम मुख्य बाजार के दोनों ओर अर्थात नर्मदापुरम व पिपरिया मार्गों पर लग गया। चूंकि इस दौरान शोभायात्रा व बारातों की निकासी स्टेट हाईवे से हो रही थी। वहीं देर शाम का समय होने के कारण बड़ी संख्या में वाहनों की पार्किंग भी स्टेट हाईवे पर ही की गई थी। इन बहु कारणों से बहुत लंबा जाम काफी देर तक स्टेट हाईवे पर लगा रहा। एवं स्थानीय नागरिकों सहित वाहनों में सवार यात्री बहुत परेशान हुए। शोभायात्रा एवं बारात निकासी के बाद भी बहुत देर तक जाम लगा रहा। क्योंकि वाहनों की निकासी मुश्किल हो गई थी।

### बाईपास ही एकमात्र विकल्प

मामले में नागरिकों का कहना है कि शहर के बाहर से बायपास बने तो बड़े वाहनों की आवाजाही उस बायपास के माध्यम से हो सकती है। और यही एकमात्र विकल्प है जो रोजाना शहर के बीचो-बीच स्टेट हाईवे पर जाम की समस्या का समाधान बन सकता है। नागरिकों ने बायपास निर्माण के लिए पहले भी कई बार विधायक, सांसदों व प्रशासन से मांग की है। लेकिन परिणामजनक कदम प्रतिनिधियों व प्रशासन की ओर से नहीं उठाए गए हैं।

# भारत माता चौराहे पर पेवर ब्लॉक कार्य शुरू विधायक और नपाध्यक्ष का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के वार्ड क्रमांक 19 स्थित भारत माता चौराहा के सौंदर्यकरण और सुविधा विस्तार के लिए आज पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस कार्य के शुरू होने से स्थानीय निवासियों और भारत माता सेवा समिति के सदस्यों में उत्साह है।

### जेसीबी से खुदाई का कार्य प्रारंभ

आज सुबह जेसीबी मशीन के माध्यम से पेवर ब्लॉक लगाए जाने वाले स्थान पर खुदाई का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद राहुल प्रधान और नगर पालिका के निर्माण शाखा से पुनीत मालवीय उपस्थित रहे।

### लंबे समय से थी समिति की मांग

वार्ड 19 के पार्षद राहुल प्रधान ने बताया कि भारत माता सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा काफी समय से इस चौराहे पर पेवर ब्लॉक लगाने का आग्रह किया जा रहा था। यह समिति हर वर्ष इस चौराहे पर सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों का आयोजन करती है। पार्षद ने विश्वास व्यक्त किया कि पेवर ब्लॉक लगने के बाद चौराहा पहले से अधिक सुंदर और व्यवस्थित दिखेगा, जिससे आयोजन भी सुगम हो सकेंगे।



### कार्य का विवरण

यह कार्य नगर पालिका निधि से किया जा रहा है। पेवर ब्लॉक का कार्य स्वीकृत अनुमति के अनुसार, चौराहे के दोनों छोर पर 50 मीटर लंबाई और 5 फीट चौड़ाई में पूर्ण किया जाएगा।कार्य शुरू होने पर, पार्षद राहुल प्रधान ने क्षेत्र के विकास कार्यों में सहयोग देने के लिए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

### एसडीएम ने किया निरीक्षण

सोमवार-शुक्रवार सुबह तक का डाटा सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बीएलओ के लिए उत्साह बढ़ाने वाला है। जिसके बाद सोहागपुर विस रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार आरके झरबड़े तथा नायब तहसीलदार नीरू जैन ने निर्वाचन शाखा का भ्रमण किया। सभी ने सोहागपुर की प्रगति पर संतुष्टि जताई व निर्वाचन शाखा कर्मचारि एवं बीएलओ को बधाई दी। साथ ही अधिकारियों ने सभी को उत्साहित किया कि चार दिसंबर 2025 की अंतिम तिथि तक लक्ष्य प्राप्त करें। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि एसआईआर कार्य को गंभीरता से लें एवं इसमें बीएल का वांछित सहयोग करें। एसडीएम प्रियंका भल्लावी के अनुसार चार दिसंबर 2025 तक सभी मतदाता रुचि लेते हुए कार्य पूर्णता में सहयोग करें तो अच्छा होगा। क्योंकि चार दिसंबर के बाद भी कार्य तो होगा ही, लेकिन इसमें मतदाताओं को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

# पिपरिया में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी के खापा में स्थित द लर्निंग स्टेप इंटरनेशनल स्कूल मे स्वास्थ्य जागरूकता के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविरका आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 7से 12तक के छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क रक्त शुगर थायराइड शिविर का आयोजनकिया गया।




जिसमें पिपरियाके निदान अस्पताल के संचालक डॉक्टर क बिसानी की टीम के दारा जांच कराई गई।इस दौरान विद्यालय केप्राचार्य एवं संचालक हर्ष मालपानी आदित्य मालपानी सी पी सोनी सहित अन्य सभी शामिल हुए। दूसरा नेत्र शिविर इतवारा बाजार गुरु सिंघ सभा गुरुद्वारा के पास आयोजन किया गया। जिसमें सहायक नेत्र चिकित्सक श्याम सोडानीने बताया लगभग 200मरीजो के नेत्रों की जांच कर दवा आदि वितरण किया गया। तथा लगभग 140मरीजो को चिन्हित कर भोपाल के एक अस्पताल में इलाज हेतु भेजा गया है। जिसमें निशुल्क स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नेत्रों का निःशुल्क आपरेशन किया जावेगा तथा दवाईयां काला चश्मा रहने खाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।एवं पिपरिया लाकर छोड़ दिया जाए गा।संचार संस्था ने आयोजन किया। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण हेतु आयोजित किया गया।

# मंडलाध्यक्ष राहुल चौरे ने ली एसआईआर की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शुक्रवार को वार्ड 17 के बूथ 184 में भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने आंगनबाड़ी पर पहुंचकर एसआईआर के गढ़ना पत्रक की जानकारी ली।

आगनवाड़ी में कार्यरत कर्मचारियों से श्री चौरे ने एसआईआर अभियान में प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर नगर महामंत्री शैलेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, बूथ अध्यक्ष पवन उसरेटे, आंगनबाड़ी सहायिका, बीएलओ आदि उपस्थित रहे।

# नवचेतना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ वार्षिक उत्सव समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र सांडिया रोड पर नवचेतना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सी एल सी पब्लिक स्कूल में बच्चों को जागरूक करने के लिए 3दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी मुख्य अतिथि अध्यक्षता श्याम सुन्दर हुरकटने ने कर शुभारंभ किया गया।

द्वितीय दिवस पर साहित्यिक गतिविधियां कला प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी उपस्थितिमे आयोजन किया गया। तीसरे दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम समापन समारोह में शामिल हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल विद्यालय समिति सदस्य अध्यक्ष शामिल हुए।



मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। लोकतंत्र सेनानी अनंत राम साहू को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह शामिल नहीं हुए तथा सांसद छणिक में उपस्थित होकर चले गए। कार्यक्रम में शामिल हुए योगेन्द्र पुरवइया प्राचार्य नव चेतना,शीतल पटेल हाकमसिंह पटेल,वंनदना चौबे, दुर्गा सोलंकी आस्था विश्वकर्मा, समिति सदस्य सहित अन्य सभी शामिल हुए।

# जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य बने सेठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर मध्य प्रदेश शासन के योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय ने जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया है जिसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री अध्यक्ष प्रभारी मंत्री उपाध्यक्ष एवं सांसद जिले के विधायको को शामिल किया हैश।



प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने उद्योग व्यापार प्रगतिशील किसान समाज सेवा चिकित्सा विधि आदि के क्षेत्र से 20 प्रतिनिधियों को सम्मिलित किया गया है इसमें सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर माखन नगर मंडल के वरिष्ठ समाज सेवी व्यापारी अजीत सेठी को सदस्य नामांकित किया है सेठी के जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य मनोनीत होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण पाराशर, निखिलेश चतुर्वेदी ,आकाश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, विपिन यादव, हरि अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल ,संजय अग्रवाल, लायंस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ,लायंस परिवार एवं मुकेश मालवीय सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए वरिष्ठ नेतृत्व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रभारी मंत्री राकेश सिंह सांसद द्वय दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद माया नरोलिया क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह का आभार व्यक्त किया है।

# कुसुम मालपानी स्कूल में हुआ वार्षिक बाल मेले का आयोजन विधायक डॉ. शर्मा ने सराहा बच्चों का कौशल, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कुसुम मालपानी स्कूल में आयोजित वार्षिक बाल मेला इस वर्ष भी बच्चों के उत्साह, उमंग और रचनात्मक गतिविधियों से भरा रहा। विद्यालय परिसर विभिन्न आकर्षक स्टॉलों, रंगीन सजावट और बच्चों की चहल-पहल के साथ पूरे दिन जीवंत बना रहा, जो शिक्षा के साथ सह-शैक्षिक गतिविधियों के महत्व को दर्शाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने विशेष रूप से बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल, क्रिएटिव आर्ट वर्क, हस्तकला, विभिन्न खाद्य स्टॉल और गेम ज़ोन की सराहना की।

विधायक डॉ. शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सीखने-समझने की क्षमता बढ़ाने के साथ ही टीमवर्क, नेतृत्व और प्रस्तुति कौशल को भी मजबूत बनाते हैं।



### कला, संगीत और नृत्य ने बांधा समा

बाल मेले के मंचीय भाग में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने संगीत, समूह नृत्य, एकल नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी ऊर्जा, प्रस्तुति में तालमेल और आत्मविश्वास देखने योग्य था, जिसकी सभी उपस्थित अतिथियों ने प्रशंसा की।

इस अवसर पर शहर के नागरिक प्रदीप मालपानी, संजय दुबे, भारत वर्मा, विपिन चांडक, और सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर, जाफर मनिता सिद्दीकी विशेष रूप से शामिल थे। सभी अतिथियों ने एक स्वर में बाल मेले जैसी गतिविधियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

### 'सीखने की उमंग जगाना उद्देश्य'

कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहीं रोहिणी मजूमदार ने विद्यालय के दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाने वाली गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा, "बच्चों में सीखने की उमंग जगाना हमारा उद्देश्य है और बाल मेला इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# कांग्रेस ने लगाया मतदाता सहयोग शिविर, की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




जिला कांग्रेस कमेटी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने के लिए एक शिविर का आयोजन किया। यह शिविर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में वार्ड 13, न्यास कॉलोनी स्थित वृंदावन गार्डन के सामने, पूर्व विधायक केपी बस्तवार के निवास के पास लगाया गया। शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य उन सम्मानित मतदाताओं की सहायता करना था, जिन्हें मतदाता पुनरीक्षण फॉर्म भरने में कठिनाई आ रही थी। वार्ड 13 के कई मतदाताओं ने शिविर में पहुंचकर कांग्रेस जनों की मदद से अपने फॉर्म भरवाए। शिविर के समापन के पश्चात, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, सोम दुबे, और प्रतीक मालवीय ने एसडीएम (उप-मंडल अधिकारी) से मुलाकात की। उन्होंने एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण कार्य में आ रही परेशानियों और जटिलताओं को लेकर विस्तृत चर्चा की और उनके निराकरण की मांग की। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति से दी गई।

## क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव भी रहे मौजूद, खिलाड़ियों से लिया परिचय

# खेल स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का कार्तिकेय सिंह चौहान ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

सांसद खेल महोत्सव को लेकर इस समय जगह-जगह खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विदिशा संसदीय क्षेत्र की बुधनी विधानसभा के रेहटी में भी सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत हुई।

खेल महोत्सव की शुरुआत बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव एवं युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने की। इससे पहले रेहटी पहुंचे नेताओं की भाजपा सलकनपुर मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व ने अगवानी की गई। खेल महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए जीवन में खेलों का होना बेहद जरूरी है। इस खेल महोत्सव से जहां खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन करने के लिए मंच मिल रहा है तो वहीं खेलों का रोमांच भी बना हुआ है। युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत 3 साल पहले हुई थी। उस दौरान रेहटी नगर में भव्य आयोजन हुआ था। उस समय खेल का मैदान नहीं था, लेकिन इस बार खेल महोत्सव यहां बने स्टेडियम में हो रहा है और प्रयास है कि एक इनडोर खेलों के लिए भी यहां पर स्टेडियम बने, ताकि अन्य खेलों को भी यहां पर खेला जा सके। खेल महोत्सव के दौरान शुरूआती मैच शिव शक्ति क्रिकेट क्लब रेहटी एवं विश्वराज क्लब रेहटी के बीच हुआ। मैच देखने के लिए भारी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में मौजूद रहे। इस मौके पर रेहटी नगर परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, उपाध्यक्ष अर्चना राजीव शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पाटीदार, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल ट्रेलर, रामनारायण साहू, अनार सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेमनारायण मीणा आदि मौजूद थे।



# तिकड़मबाजी: पिपरिया विधानसभा से मंत्री बनें इसके पहले ही विरोधी दिल्ली हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139से भाजपा सरकार के प्रत्याशी ठाकुर दास नागवंशी लगातार 4बार से चुनाव जीत चुके हैं। तथा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगरपालिका नगर परिषद क्षेत्र में 20 वर्ष में लगभग 20करोड के कार्य कराए गए हैं। सरकारी कोई भी योजना नहीं है।

जो पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में संचालित ना किया गया है। जैसे ही अभी कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया है कि कुछ मंत्रियों को पद से हटाया जा सकता है। तथा कुछ लोगों को मंत्री पद दिया जा सकता है। जिनमें सुत्रोंसे मिली जानकारी अनुसार विधायक ठाकुरदास नागवंशी का भी नाम शामिल हैं। मुख्य मार्ग दर्शन राव उदयप्रताप सिंह के द्वारा किया जा रहा है। एसी भी चर्चा है। दिनांक 29/11(25को शपथ दिलाई जाएगी इतनी बात फैलाते ही विरोधी दिल्ली रवाना हो गए हैं। जिनमें पिपरिया बनखेड़ी विकासखंडके के भाजपा के लोग शामिल हुए हैं।

कुछ पार्षद तो परिवार सहित रवाना हुए हैं। विधायक ठाकुरदास नागवंशी के चौथे चुनाव में लगातार विरोध करने वाले लोगों को कोईसुविधा नहीं मिल रही है। उसके बाद भी अभी भी लगे हुए हैं। लेकिन पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के सारे का सहारा घाटू श्याम बने हुए हैं। सांसद के गुट में यह सभी लोग शामिल हैं। सभी को बराबर ख्याल भी रखा जा रहा है।यह बात अलंग है कि इनके कहने पर सांसद के द्वारा कोई सांसद प्रतिनिधि भी घोषित नहीं किया जा रहा है। लेकिन फिर भी सहयोग मान सम्मान तो बराबर किया जा र हां है। खैर लेकिन ठाकुर दास नागवंशी ने प्रत्येक बार में बढ़कर मतों से विजई हुए हैं।

कोई शिकायत दर्ज नहीं से। कोई अपराध नहीं है।साफ स्वच्छ छवि वाले नेता हैं। पिपरिया विधानसभा से एस,सी,एस,की ओ,वीसी जनरल वर्ग से भी विधायक रहे हैं। लेकिन अभी तक किसी को मंत्री पद से नवाजा नहीं गया है। लेकिन इस बार तो प्रदेश सरकार से लेकर सभीलोग जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार सहयोग किया गया है। केंद्र सरकार भी पक्षकार है।ऐसी भी चर्चा है। लेकिन विरोधी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। आगे देखना है कौन सफ़ल होंगे।

## खबर संक्षेप

### कैंची से युवक पर हमला घायल, मामला दर्ज

**हरदा।** गुरुवार रात एक युवक पर कैंची से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की श्रीनगर कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार, श्रीनगर कॉलोनी में रहने वाले राहुल राठौर पर उसी मोहल्ले के संजय गोस्वामी ने सिर में कैंची से हमला किया। हमले में राहुल के सिर में गहरी चोटें आई हैं। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घायल राहुल ने बताया कि वह अपनी दुकान पर दूध बेच रहा था। तभी संजय ने उसे फोन कर देर रात मिलने के लिए बुलाया। राहुल राजपूत ढाबे के पास पहुंचा, जहां संजय ने उसे अपने साथ बैठने को कहा। जब राहुल ने मना किया तो संजय ने उसे थप्पड़ मार दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने कैंची से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, राहुल की हालत अब स्थिर है और उसका इलाज सर्जिकल वार्ड में चल रहा है।

### 15 वर्षीय किशोर ने की आत्महत्या, जांच जारी

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम कायदा में एक 15 वर्षीय किशोर ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए टिमरनी भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान वनग्राम कायदा निवासी युवराज पिता मनोहरी लाल धुर्वे के रूप में हुई है। उसने घर के पास लगे महुए के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की। युवराज अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। बताया जा रहा है कि युवराज गुरुवार शाम से अपने घर नहीं लौटा था। उसकी मां पास के एक देवी ओटले पर बेटे की सलामती के लिए प्रार्थना कर रही थी। इसी दौरान जब उसने पेड़ पर देखा, तो युवराज फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। मां ने तत्काल दौड़कर पिता और अन्य परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### लापरवाही पर सहायक समन्वयक को नोटिस

**हरदा।** अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा टिमरनी संजीव नागू ने विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी के मतदान केन्द्र क्रमांक 93 डोलरिया व मतदान केन्द्र क्रमांक 99 जिनवानी की सहायक समन्वयक ग्राम नांदवा की पटवारी उमा चंदेरी को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत डिजिटाईजेशन कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होने सहायक समन्वयक श्रीमती चंदेरी को 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने अथवा अप्राप्त होने की दशा में निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 13 मामले दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग द्वारा मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम के लिये लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि गुरूवार को आबकारी विभाग के दल ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए.एस. बघेल व डी.एस. चौहान के नेतृत्व में हरदा के लाल स्कूल, बंगाली कॉलोनी, टंकी मोहल्ला, खेड़ीपुरा, जलसा ढाबा, ढाबा जंक्शन छीपानेर रोड़ तथा ग्राम जूनापानी, भगवानपुरा, सुल्तानपुर, डगावाशंकर, गाडरापुर, पोखरनी, बिच्छापुर व करताना में दबिश दी। दबिश के दौरान 29 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब व 1220 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 13 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 127800 रूपये है।

### बिश्नोई समाज का पांच दिवसीय वार्षिक अगहन महोत्सव का समापन

# प्रतिभावान छात्रों व खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नीमगांव में बिश्नोई समाज मध्य प्रदेश के पांच दिवसीय वार्षिक अगहन महोत्सव का समापन हो गया। इस आयोजन में प्रतिभा सम्मान समारोह भी शामिल था। समापन अवसर पर एक धर्म सभा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की वार्षिक आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल पटेल छिड़गांव ने की। मंच पर जगदीश साहू (अध्यक्ष, बिश्नोई मंडल खातेगांव), गोविंद सारण (अध्यक्ष, चौकड़ी मंदिर समिति), रामनाथ पवार (अध्यक्ष, शहीद अमृता देवी बिश्नोई गौशाला धनगांव), पूर्व अध्यक्ष बद्रीप्रसाद कालीराणा, रामदयाल झुरिया, वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीनारायण पंवार, मोहन साईं (अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी हरदा), राजेश गोदारा (जिला महामंत्री, भाजपा), श्रीराम लोल (राजस्थान) और ब्रजमोहन गीला (सरपंच, नीमगांव) जैसे अतिथि उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों का सम्मान मध्यक्षेत्र बिश्नोई सभा के अध्यक्ष आत्माराम पटेल, कोषाध्यक्ष श्यामलाल बाबल, उपाध्यक्ष राधेश्याम सारण, हरनारायण जांणी, रमेश बिश्नोई, रामसहोदर पंवार, सह सचिव वीरेंद्र भादू, तथा सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण लोल, परमानंद गीला और सचिन गीला ने किया। सामाजिक विषयों पर डॉ. जगदीश सारण, प्रेमनारायण पंवार, धर्मवीर लोल, इंद्रपाल जाणी, दीपक जाणी, राजेश गोदारा, मोहन सांई, रामदयाल झुरिया और लक्ष्मीनारायण पंवार ने अपने विचार व्यक्त किए।

#### समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया

समिति ने प्रतिभावान छात्रों और खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आचार्य डॉ. गोवर्धनराम शिक्षा शास्त्री ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि श्री गुरु जंभेश्वर भगवान ने प्रकृति और वन्य जीवों की रक्षा करते हुए मानव समाज के कल्याण के लिए 29 नियमों की आचार संहिता बनाकर बिश्नोई पंथ की स्थापना की थी। आचार्य ने कहा कि मानव जीवन का एकमात्र उद्देश्य मोक्ष प्राप्ति होना चाहिए, जिसके लिए गुरु जंभेश्वर ने सबसे सुगम और सरल मार्ग दिखाया है। उनके बताए मार्ग पर चलकर मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है। इस मेले का एक विशेष आकर्षण पॉलिथीन मुक्त वातावरण रहा। जंभेश्वर सेवक दल के सदस्य शांतिलाल सारण और उनकी टीम ने सभी लोगों के लिए तांबे के लोटे से जल की व्यवस्था की और यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी भी संभाली। भोजन प्रसादी और मंदिर परिसर की व्यवस्था प्रवीण कुमार खोड, उमेश पटेल, ब्रजेश झुरिया, राजेश बेनीवाल, रामजीवन बेनीवाल, रामजीवन गोदारा, मुकेश कावा, अभिषेक गीला, देवेंद्र पंवार, मनोज लोल, भुजराम झुरिया, हरि गीला और उनके अन्य साथियों ने संभाली। मध्य क्षेत्र बिश्नोई सभा के सचिव बलराम झुरिया ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन बृजमोहन जांणी और सुहागमल पंवार ने किया।

### कैलाश विजयवर्गीय ने कहा

# राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार 28 चुनाव हार चुकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार देर रात हरदा पहुंचकर कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार 28 चुनाव हार चुकी है। मंत्री विजयवर्गीय ने कांग्रेस को 'जाऊं-जाऊं वाली पार्टी' बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस का यही नेतृत्व रहा, तो वह भविष्य में एक 'इतिहासिक पार्टी' बनकर रह जाएगी। विजयवर्गीय का यह बयान बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद आया है। उन्होंने दावा किया कि 2014 से अब तक राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस 28 चुनाव हार चुकी है, जिससे राहुल गांधी 'फ्रस्ट्रेशन' में हैं और जनता ने उनके नेतृत्व को नकार दिया है। इसके विपरीत, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। विजयवर्गीय ने कहा कि बिहार की जनता ने पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए भाजपा और उसके सहयोगी दलों को भारी बहुमत से जीत दिलाई है। मंत्री विजयवर्गीय पूर्व मंत्री कमल पटेल के परिवार में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने हरदा पहुंचे थे। इससे पहले, वह नेमावर में आयोजित एक धार्मिक आयोजन में भी शामिल हुए थे।

### 'संपूर्ण सुकन्या जिला अभियान'

# कलेक्टर की बेटी का सुकन्या में खुल गया समृद्धि खाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में 'संपूर्ण सुकन्या जिला अभियान' सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी पात्र बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा रहे हैं। यह योजना बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य, उच्च बचत और परिवार को दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित है। इस अभियान के तहत जिले में प्रत्येक पात्र बच्ची का खाता मात्र 250 रुपये जमा कर शुरू किया जा सकता है। यह योजना वर्तमान में देश की सर्वाधिक ब्याज दर वाली बचत योजनाओं में से एक है और 10 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के लिए उपलब्ध है।

इस अभियान के क्रियान्वयन में डाक निरीक्षक अमित कुमार व्यास द्वारा जागरूकता और मार्गदर्शन में विशेष योगदान दिया जा रहा है। जिले के इच्छुक नागरिक अपनी पात्र बच्चियों का खाता अपने नजदीकी किसी भी डाकघर में या डाक निरीक्षक से संपर्क कर खुलवा सकते हैं। इस अभियान को सशक्त करने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने भी अपनी पुत्री का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपनी पात्र बच्चियों का यह खाता अवश्य खुलवाएँ ताकि उनका भविष्य सुरक्षित, उज्ज्वल और आर्थिक रूप से मजबूत बन सके।

**खास बातें**

- इस अभियान के तहत जिले की सभी पात्र बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा रहे हैं
- जिले में प्रत्येक पात्र बच्ची का खाता मात्र 250 रुपये जमा कर शुरू किया जा सकता है

### अज्ञात आरोपियों ने मचाया उत्पात, घटनाक्रम काफी देर तक चलता रहा था

# शासकीय शराब दुकानों में तोड़फोड़ व पथराव, लाखों की शराब नष्ट

#### जयस अध्यक्ष के साथ मारपीट के बाद हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

यहाँ शासकीय देशी एवं विदेशी शराब की दुकानों पर गुरूवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा तोड़फोड़ की घटना के बाद तनाव फ़ैल गया। पहली घटना चिरीया-पाडल्या मार्ग पर और दूसरी घटना मारुगढ़ मार्ग पर स्थित दुकान में हुई। इन घटनाओं में लाखों रूपये की देशी-विदेशी नष्ट होने का अनुमान है। घटनानुसार दुकान में बैठे सेल्समैन कुछ समझ पाते तब तक इन लोगों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। उनके हाथों में लाठियां थी,जिससे वे तोड़-फोड़ कर रहे थे। इस दौरान सेल्समेन कोई कड़ा विरोध नहीं पाए कर पाए,जिससे यह घटनाक्रम काफी देर तक चलता रहा था। जिससे वे बिना किसी डर के बोतलों को तोड़-फोड़ रहे थे। वहीं दूसरी ओर वे अंदर से फर्नीचर बाहर लाये और उसकी भी लाठियों से तोड़फोड़ कर रहे थे। जबकि कुछ आरोपी पथराव भी कर रहे थे। इस दौरान आसपास की कुछ दुकानें बंद हो गई और भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जब तक पुलिस वहां पहुंचती,तब तक आरोपीगण घटनास्थल से जा चुके थे। इस घटना के बाद आरोपी मारुगढ़ मार्ग स्थित शराब दुकान पर पहुंचे और वहां भी भारी तोड़फोड़ की गई। वहां भी भारी संख्यां में शराब की बोतलों की तोड़फोड़ की गई है। जिससे दोनों स्थानों पर लाखों रुपयों के नुकसान होने की आशंका है। जब तक पुलिस पहुंचती,तब तक आरोपियों को पर्याप्त मौका मिल गया और आसपास भय का माहौल निर्मित हो गया।






#### रेहटफल की घटना के बाद तोड़फोड़

यह घटनाक्रम ग्राम रेहटफल में जयस ब्लाक अध्यक्ष मगन जाधव और उनके साथी जगदीश किराड़े के साथ मारपीट की घटना के बाद हुई है। उन्होंने वहां दो युवकों को मोटर सायकल से शराब ले जाते हुए रोका था और उनमें काफी देर तक कहासुनी से तनाव बढ़ रहा था। इस दौरान जाधव ने मोटर सायकल और शराब अपने कब्जे लेकर कहा कि वे इसे थाने ले जा रहें हैं। इस दौरान उनमें विवाद बढ़ गया और आपस में मारपीट हो गई। इस घटना की रिपोर्ट पर तीन युवकों आकाश, सत्या और सोनू झिरन्या के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

#### वाहन रैली निकाली गई

जयस अध्यक्ष जाधव के साथ मारपीट और शराब अन्यत्र ले जाने के विरोध में कार्यकर्ताओं की आदिवासी सामुदायिक भवन में बैठक हुई। इसके बाद वाहन रैली के रूप में कार्यकर्ता थाना पहुंचे और अपना विरोध प्रकट किया। साथ ही मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ पुलिस भीकनगांव राकेश आर्य और पुलिस बल यहाँ पहुँच गया। थाना प्रभारी सेमलिया गहलोद ने बताया कि घटना के बाद शांति है। दोनों घटनाओं की विवेचना की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जावेगी।

### प्रदेश के आदिम जाति कल्याण मंत्री ने हरदा में महत्वपूर्ण घोषणा की

# प्रदेश के 900 वनग्रामों को जल्द राजस्व ग्राम में परिवर्तित किया जाएगा: शाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रदेश सरकार में आदिम जाति कल्याण मंत्री कुंअर विजय शाह ने हरदा में एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 900 वनग्रामों को जल्द ही राजस्व ग्राम में परिवर्तित किया जाएगा। इस कदम से वनग्रामों में रहने वाले आदिवासी समुदाय के लोगों को अधिक लाभ मिल सकेगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। मंत्री शाह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहाँ वन अधिकार पट्टे देने के लिए सेटेलाइट इमेज का उपयोग किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए अमेरिका को 20 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

#### सैटेलाइट इमेज के आधार पर पट्टे मिलने में आसानी होगी

उन्होंने स्पष्ट किया कि 5 दिसंबर 2013 से पहले से काबिज लोगों को सैटेलाइट इमेज के आधार पर पट्टे मिलने में आसानी होगी, क्योंकि इससे उस समय की वास्तविक स्थिति का पता चल सकेगा। वन अधिकार पट्टे जारी करने के लिए सैटेलाइट इमेज के साथ-साथ स्थानीय लोगों के चार बयानों और किसी भी तरह की जुर्माने की रसीद को भी आधार माना जाएगा। इन पट्टों के मिलने से वन ग्रामों में रहने वाले लोग अपनी भूमि पर स्थायी निर्माण कर सकेंगे। मंत्री शाह ने इस अवसर पर कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस ने वन ग्रामों में रहने वाले लोगों के लिए कुछ नहीं किया, जबकि उनकी सरकार ने हजारों लोगों को पट्टे वितरित किए हैं।

### अधिकारी/कर्मचारियों का आज और कल अवकाश निरस्त

**हरदा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 135 हरदा अशोक डेहरिया ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य की निरन्तरता एवं समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के लिये आदेश जारी कर विधानसभा क्षेत्र 135 हरदा के अंतर्गत कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का 22 एवं 23 नवम्बर 2025 शनिवार व रविवार का अवकाश निरस्त किया है। उन्होने निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सप्ताहांत शनिवार-रविवार सहित नियमित रूप से अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 से संबंधित सभी कार्यों का निर्वहन करेंगे। किसी भी प्रकार का अवकाश केवल अत्यावश्यक स्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र हरदा की पूर्व स्वीकृति से ही स्वीकृत किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत बैठक

# मोटर दुर्घटना दावा तथा बैंकों के प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा की



**हरदा।** 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा तथा बैंक संबंधी प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण करने के लिये प्रधान जिला न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी की अध्यक्षता में सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बीमा कंपनी के अधिकारी व अधिवक्तागण, क्लेमेंट व नॉन क्लेमेंट के अधिवक्तागण एवं बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद रघुवंशी ने नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीशगण द्वारा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में अभी तक किये गये कार्यों की समीक्षा की। साथ ही अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकरण किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। श्री रघुवंशी नेऐसे प्रकरण जिनमें बीमा पॉलिसी संबंधी कोई ब्रीच नहीं है, ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेकर अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण करने में सहयोग प्रदान करने की अपील की।

बैठक में नोडल अधिकारी श्री जयदीप सिंह ने नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीशगण द्वारा बैंक संबंधी प्रकरणों में अभी तक किये गये कार्यों की समीक्षा की तथा अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकरण किये जाने पर विचार-विमर्श किया। उन्होने बैंक संबंधी प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण करने में सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक में विशेष न्यायाधीश/नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत जयदीप सिंह, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश निमिष राजा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण, क्लेमेंट के अधिवक्तागण, बैंक प्रबंधकगण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर सिद्धार्थ, सलोनी, बेटी संस्कृति का साहित्य भेंट कर बहुमान किया

# आप ऐसा कार्य करे जिससे जनता का अहित न हो: साध्वी

**खिरकिया।** भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने वाले,व्यवसनमुक्ति प्रणेता आचार्य रामलाल महाराज साहब की अज्ञानुवर्तीनी शासन दीपिका साध्वी प्रज्ञा श्रीजी महाराज साहब ठाणा 4 जीवन परिवर्तन चातुर्मास 2025 खिरकिया साआनंद संपन्न करके ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए हरदा जैन स्थानक भवन में सुखसाता पूर्वक विराज रहे है। 21 नवंबर को हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन परिवार सहित जन जन के जैन साध्वियों के दर्शनार्थ एवं सदसानिध्य का लाभ प्राप्त करने हेतु स्थानक भवन पहुंचे। शासन दीपिका प्रज्ञाश्री एवं प्रेक्षा श्रीजी ने कहा कि आप ऐसा कार्य करे जिससे जनता का अहित न हो, जनता की दुआएं एवं आशीर्वाद सदा मिलता रहे। संत समागम का लाभ सदैब लेते रहे।आपको केवली प्ररूपित अहिंसामय धर्म विरासत में मिला है आप इसे व्यर्थ ही न गवाए इस धर्म से करुणा एवं दया का भाव उत्पन्न होता है। सदस्यों ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन धर्म



साध्वियों एवं कलेक्टर के बीच वर्तमान की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए भावों का आदान प्रदान हुआ।

महासतीयों द्वारा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की ईमानदारी, समता नैतिकता की भूरी भूरी प्रशंसा की। श्री श्वेतांबर जैन श्री संघ खिरकिया-हरदा के सहायिका सलोनी जैन एवं बेटी संस्कृति का अभिरामम साहित्य भेंट कर एवं माला पहनाकर बहुमान किया गया। इस अवसर पर खिरकिया से हेमचंद भंडारी, हरकचंद सांड-सुनीता सांड, बसंत भंडारी, मोहन सोनी, आशीष समदड़िया, समता महिला मंडल अध्यक्ष रत्ना समदड़िया, पारस चोरड़िया, अमम समदड़िया हरदा से स्मिता शाह, पंकज बाफना, राजकुमार बाफना, देवेंद्र बाफना, विकास शाह, निमेष शाह, प्रशांत बाफना, प्रखर बनवट आदि उपस्थित थे।